नैक )NAAC (द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ,वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

)संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय (

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर 30 मई को हिंदी विवि में अंतरराष्ट्रीय वेब संगोष्ठी

## हिंदी विश्वविद्यालय का आयोजन. देश-विदेश के संपादक, पत्रकार होंगे शामिल

वर्धा, 26 मई 2020: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग ने हिंदी शिक्षण




अधिगम केंद्र के साथ मिलकर हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 30 मई 2020 को अंतरराष्ट्रीय वेब

संगोष्ठी का आयोजन किया है। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक प्रो. अनिल कुमार राय अंकित ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए बताया कि उस दिन 'डिजिटल जनसंचार और भाषाई पत्रकारिता' विषय पर देश-विदेश के जाने-माने पत्रकार और स्तंभकार अपने विचार रखेंगे। प्रो. राय ने बताया कि संगोष्ठी में उद् घाटन वक्तव्य 30 मई 2020 को पूर्वाह्न 10.30 बजे दैनिक भास्कर के समूह संपादक श्री प्रकाश दुबे देंगे। उसी




सत्र में विश्व हिंदी सचिवालय, मारीशस के महासचिव प्रो. विनोद मिश्र और बांग्लादेश के वरिष्ठ स्तंभकार व साहित्यकार श्री सलाम आजाद वक्तव्य देंगे। उद् घाटन सत्र की अध्यक्षता महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल करेंगे। संचालन संगोष्ठी के सह संयोजक डा. संजय तिवारी करेंगे।

प्रो. अनिल कुमार राय ने बताया कि उद् घाटन के बाद पहले सत्र में 'डिजिटल प्लेटफार्मः भाषाई पत्रकारिता के नवीन आयाम' विषय पर जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के निदेशक श्री आशुतोष भटनागर, लोकमत समाचार के संपादक श्री विकास मिश्र, माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो. संजय द्विवेदी, जम्मू विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. गोविंद सिंह वक्तव्य देंगे। उस सत्र की अध्यक्षता दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, चेन्नई के कुलपति प्रो. राममोहन पाठक करेंगे। पहले सत्र का संचालन संगोष्ठी के सह संयोजक तथा जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. अख्तर आलम करेंगे।

प्रो. अनिल कुमार राय ने बताया कि दूसरा सत्र अपराह्न 3 से 4 बजे तक चलेगा जिसमें 'डिजिटल दौर की भाषाई पत्रकारिताः परिप्रेक्ष्य और चुनौतियां' विषय पर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के

जनसंचार एवं मीडिया अध्ययन विभाग की अध्यक्ष प्रो. वंदना पांडेय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव प्रो. सच्चिदानंद जोशी वक्तव्य रखेंगे। सत्र की अध्यक्षता कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा करेंगे। प्रो. राय ने बताया कि शाम चार बजे से समापन सत्र में न्यू मीडिया और भाषाई पत्रकारिता पर हिंदुस्तान समाचार के समूह संपादक तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष श्री राम बहादुर राय न्यू मीडिया और भाषाई पत्रकारिता पर विशेष वक्तव्य देंगे। समापन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल करेंगे। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे सत्र का संचालन करेंगे और हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र के निदेशक प्रो. कृष्णकुमार सिंह धन्यवाद ज्ञापन करेंगे।

***फोटो कैप्शन : अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की जानकारी देते प्रो. अनिल कुमार राय***